परिणाम समानीकरण की प्रक्रिया अपनाते हुए तैयार की जायेगी। समानीकरण की प्रक्रिया की जानकारी [FAQ (Frequently Asked Questions about Equating of Scores on Multiple Forms)] के अन्तर्गत देखी जा सकती है।

II. <u>पाठ्यक्रम :– परीक्षा का पाठ्यक्रम निम्न प्रकार है :–</u>

प्रारंभिक परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मैट्रिक (10वीं) अथवा समकक्ष स्तर का होगा।

(क) **गणित:–**

संख्या पद्धति से संबंधित प्रश्न, पूर्ण संख्याओं का अभिकलन, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, मूलभूत अंक गणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात तथा समानुपात, औसत, ब्याज एवं लाभ और हानि।

(ख) **सामान्य अध्ययन** :– इसमें बिहार राज्य और भारत के संबंध में यथा सम्भव प्रश्न पूछे जायेंगे।

(i) **सम–सामयिक विषय:**–महत्वपूर्ण राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम–सामयिक घटनायें, वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार एवं खेल–खिलाड़ी आदि।

(ii) **बिहार राज्य और भारत** :–बिहार और भारत का इतिहास/संस्कृति/भूगोल/आर्थिक परिदृश्य/कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं, भारत का संविधान एवं राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षीय योजना, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन एवं आन्दोलन में बिहार का योगदान।

III. प्रारंभिक परीक्षा में 30% से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी असफल घोषित किये जायेंगे।

IV. प्रारंभिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर उपलब्ध रिक्तियों के आरक्षण कोटिवार 10 गुणा प्रत्येक कोटि के लिए अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक जाँच/दक्षता परीक्षा हेतु किया जायेगा।

. प्रारंभिक परीक्षा अंतिम मेधा सूची का आधार नहीं होगी। प्रारंभिक परीक्षा केवल शारीरिक दक्षता/जाँच माप के लिए अर्हक (qualifying) होगी।

www.sarkaribuzzer.com

सरकारी बजर
www.sarkaribuzzer.com
Sarkari Buzzer